सीएसआईआर ने उज्ज्वल राजस्थान प्रदर्शनी में "सर्वश्रेष्ठ सूचनापरक स्टॉल" का पुरस्कार जीता

राजस्थान के उदयपुर में "उज्ज्वल राजस्थान - आत्मनिर्भर भारत की ओर” प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ 27 जुलाई, 2023 को अतिथियों द्वारा दीप-प्रज्वलन के साथ हुआ। यह प्रदर्शनी दिनांक 27-29 जुलाई 2023 के दौरान आयोजित की गई जिसमें सीएसआइआर-सीरी, पिलानी और सीएसआईआर-सीएमसीआरआई, भावनगर ने देश में सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े शोध संगठन ‘सीएसआईआर’ का प्रतिनिधित्व किया। प्रदर्शनी में सीएसआईआर-सीरी और सीएसआईआर-सीएमसीआरआई ने अपनी प्रौद्योगिकियों एवं अन्य गतिविधियों की जानकारी दी।

प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए गणमान्य अतिथि

प्रदर्शनी में सीएसआईआर के अलावा भारत सरकार एवं राज्य सरकार के संगठनों/कार्यालयों सहित अन्य गैर-सरकारी संस्थाओं ने भी अपने उत्पादों/पोस्टरों आदि के माध्यम से प्रतिभागिता की। प्रदर्शनी में 50 संगठनों/कार्यालयों/संस्थाओं ने प्रतिभागिता की तथा प्रदर्शनी में आने वाले स्कूली विद्यार्थियों, उद्यमियों, महिलाओं सहित अन्य नागरिकों को अपने उत्पादों/गतिविधियों के संबंध जानकारी दी।

प्रदर्शनी में आगंतुक महिलाओं को जानकारी देते हुए डॉ विजय चटर्जी

तीन-दिवसीय प्रदर्शनी में सीएसआईआर के स्टॉल को जानकारी देने वाले सर्वश्रेष्ठ स्टॉल के रूप में सराहना मिली। प्रदर्शनी में आने वाले विद्यार्थियों अतिथियों एवं अन्य आगंतुकों ने सीएसआईआर प्रयोगशालाओं द्वारा जनहित में किए जा रहे शोध कार्यों की प्रशंसा की।

प्रदर्शनी के दौरान स्कूली विद्यार्थियों से संवाद करते हुए वैज्ञानिक

सीरी की ओर से दूध और शहद में मिलावट का पता लगाने के लिए विकसित प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन किया गया तथा वैज्ञानिक पोस्टरों के माध्यम से सीरी की अन्य प्रौद्योगिकियों/गतिविधियों का भी प्रदर्शन किया गया। इसके अतिरिक्त प्रदर्शनी में संस्थान में सेमिकंडक्टर क्षेत्र में चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी प्रशिक्षण कार्यक्रम "शिल्प (सेमिकंडक्टर हाई इम्पैक्ट लर्निंग प्रोग्राम)" के अलावा विज्ञान गांव की ओर कार्यक्रम के बारे में भी जानकारी दी गई।

सीएसआईआर-सीएमसीआरआई ने भी किसानों और ग्रामीण क्षेत्रों के जनमानस को लाभान्वित करने के लिए विकसित नमक, समुद्री एवं पर्यावरण हितैषी हरित रसायनों से संबंधित प्रौद्योगिकियों की जानकारी दी।

प्रदर्शनी में महिलाओं को जानकारी देते हुए
श्री संदीपकुमार एन वानिया, वरिष्ठ वैज्ञानिक, सीएसएमसीआरआई

प्रदर्शिनी में सीएसआईआर के वैज्ञानिकों से चर्चा करते हुए
उदयपुर, राजस्थान के माननीय सांसद श्री अर्जुन लाल मीणा

माननीय सांसद श्री अर्जुन लाल मीणा से विजेता ट्राफी प्राप्त करते हुए
डॉ विजय चटर्जी एवं श्री संदीपकुमार एम वनिया

प्रदर्शनी में सीएसआईआर को "सर्वश्रेष्ठ सूचनापरक स्टॉल" के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री मीणा ने देश के विकास में सीएसआईआर के योगदान की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यद्यपि आजादी के अमृत काल में देश चहुँमुखी विकास कर रहा है परंतु देश को प्रत्येक क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में प्रत्येक देशवासी का योगदान अनिवार्य है।

समापन सत्र में उदयपुर के लोकसभा सांसद **श्री अर्जुन लाल मीणा मुख्य अतिथि** थे। उन्होंने सीएसआईआर को विजेता ट्रॉफी से सम्मानित किया। डॉ विजय चटर्जी, वरिष्ठ वैज्ञानिक, सीएसआईआर-सीरी और श्री संदीप कुमार एम वनिया, वरिष्ठ वैज्ञानिक ने सीएसआईआर की ओर से यह ट्रॉफी प्राप्त की।

किसानों, विद्यार्थियों, स्थानीय लोगों और विशेष रूप से गृहणियों ने इस तीन-दिवसीय तकनीकी-सामाजिक प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में स्टॉलों में भ्रमण किया और सीएसआईआर सहित अन्य विषयों की जानकारी प्राप्त की।